उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 26 आषाढ़, शक संवत्, 1931
**( दिनांक : 17 जुलाई, 2009 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)।

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

6. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

8. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

   (कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी- **"ग"** )

9. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

10. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण)] (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय **(पन्द्रह मिनट)**।

11. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड [उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण)] (संशोधन) विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

12. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय विधेयक, 2009 पर विचार किया जाय **(एक घण्टा)**।

13. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि आयुर्वेद विश्वविद्यालय विधेयक, 2009 पारित किया जाय।

14. श्री चन्दन राम दास, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 19 दिसम्बर, 2008 को प्रस्तुत निम्न संकल्प पर चर्चा जारी :-

"यह सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल जिला नैनीताल में उत्तराखण्ड का कोटा दुगुना किया जाय ताकि युवाओं में सेना में अधिकारी बनने की रुचि बढ़ सके।"

15. श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 27 फरवरी, 2009 को प्रस्तुत निम्न संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड प्रदेश की राजधानी चन्द्रनगर (गैरसैंण) घोषित की जाय"

16. वित्तीय वर्ष 2009-10 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

17. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

18. मैसर्स वीडियोकौन इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, गंगापुर, काशीपुर को 4000 के0वी0ए0 विद्युत भार अवमुक्त करने की कार्यवाही में पावर कारपोरेशन को 85.22 लाख की क्षति करने पर जांच कराये जाने के संबंध में श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 15 जुलाई, 2009 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

19. उधमसिंह नगर, नैनीताल, देहरादून एवं हरिद्वार में जट, सिख-जाट समुदाय को पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया है या नहीं, इस स्थिति को स्पष्ट किये जाने के संबंध में श्री नारायण पाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 15 जुलाई, 2009 को दी गई सूचना पर, समाज कल्याण मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 17 जुलाई, 2009**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

# नत्थी "ग"

<u>कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 16 जुलाई, 2009 की बैठक में दिनांक 18 से 20 जुलाई, 2009 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप से रखे जाने की सिफारिश की है:–</u>

## जुलाई, 2009

**18 (शनिवार)** अवकाश

**19 (रविवार)** अवकाश

**20 (सोमवार)**

**विधायी कार्य**

1. उत्तराखण्ड {उत्तर प्रदेश गन्ना (खरीद एवं पूर्ति विनियम) अधिनियम, 1953} (संशोधन) विधेयक, 2009 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

2. वित्तीय वर्ष 2009-10 के आय व्ययक पर सामान्य चर्चा।

3. उत्तराखण्ड के अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के निवासियों को जाति प्रमाण-पत्र लेने में आ रही परेशानियों के संबंध में, श्री प्रेमानन्द महाजन, श्री तिलक राज बेहड़ एवं डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल, सदस्य विधान सभा द्वारा नियम 54 के अन्तर्गत दी गयी सूचना पर चर्चा। **(एक घण्टा)**

द्वितीय सत्र, 2009
का प्रथम शुक्रवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 26 आषाढ़, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 17 जुलाई, 2009 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन' 30.06.2009 — **. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि "विधायक निधि" योजनान्तर्गत आवंटित धनराशि के उपयोग हेतु विधायकगण द्वारा आवंटन त्रिस्तरीय किए जाने के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी (हरिद्वार) के पत्र संख्या – अर्द्धशा0 प0सं0 /175/ विधायक निधि /09–10, दिनांक 11 जून, 2009 द्वारा दर्शाया गया है कि उक्त निधि का व्यय अंशवार ही किया जाय? यदि हां, तो विधायकगण के विवेक को मात्राकृत करने तथा उस पर अंकुश लगाये जाने का क्या औचित्य है तथा क्या सरकार इस अंकुश को समाप्त करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? — ग्राम्य विकास

श्री पुष्पेश त्रिपाठी 30.06.2009 — **. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में शिक्षकों की कमी को देखते हुये सरकार शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो इस हेतु अब तक क्या–क्या प्रयास किये गये? यदि नहीं, तो दुर्गम और पर्वतीय क्षेत्रों में सभी विद्यालयों में शत–प्रतिशत शिक्षक उपलब्ध कराने हेतु सरकार क्या वैकल्पिक व्यवस्था करने जा रही है? — शिक्षा

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>16.04.2009 | *1. क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि सिडकुल, पन्तनगर स्थित औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों से ठेका प्रथा पर कार्य लिये जा रहे हैं? यदि हां, तो कौन–2 से प्रतिष्ठानों में ठेका प्रथा लागू है तथा ठेका प्रथा पर कार्य करने वाले श्रमिकों को नियमित करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| काजी निजामुद्दीन<br>20.04.2009 | *2. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सरकार द्वारा पवन ऊर्जा स्थापित करने की कोई कार्ययोजना बनाई गई है? यदि हां, तो योजना का स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | वैकल्पिक ऊर्जा |
| काजी निजामुद्दीन<br>22.04.2009 | *3. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जनपद वार बेरोजगारों की संख्या क्या हैं? क्या सरकार इन बेरोजगारों को समयबद्ध तरीके से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कोई कार्ययोजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नही, तो क्यों? | श्रम |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>05.06.2009<br>श्री यशपाल बेनाम<br>12.06.2009 | *4. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के आशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में 05 सितम्बर, 2003 से पूर्व के मानदेय पी0टी0ए0 अध्यापकों को स्थाई नियुक्ति दी गयी थी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि 05 सितम्बर, 2003 के बाद से वर्ष 2008 तक अभी भी ऐसे कितने मानदेय से सत्त सेवारत पी0टी0ए0 अध्यापक हैं जो आशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में सत्त अध्यापन कार्य कर रहे हैं और उनकी विद्यालयवार एवं विषयवार स्थिति क्या है? क्या पूर्व की भांति इन सत्त सेवारत पी0टी0ए0 अध्यापकों को भी विषय के अनुरूप निर्धारित योग्यतानुसार स्थाई नियुक्ति प्रदान की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री गणेश जोशी<br>08.06.2009 | *5. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2009 हेतु शिक्षा विभाग के शिक्षकों/शिक्षिकाओं के लिए कोई नई स्थानान्तरण नीति बनायी गयी हैं? यदि हां, तो स्थानान्तरण नीति में क्या मानक निर्धारित किये गये हैं? क्या स्थानान्तरण नीति में निर्धारित मानकों के अनुसार ही सभी शिक्षकों/शिक्षिकाओं के स्थानान्तरण किये जाने का प्राविधान है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री यशपाल बेनाम 10.06.2009 श्री प्रीतम सिंह 17.06.2009 | *6. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 'सैफ' खेलों के आयोजन की तैयारियों में अब तक कितना धन खर्च हो चुका है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेगे कि 'सैफ' खेल अपने निर्धारित समय पर पूर्ण करा लिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| **श्री पुष्पेश त्रिपाठी 12.06.2009** | ***7. पुनरावृति के आधार पर निरस्त।** | **शिक्षा** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री खड़क सिंह बोहरा 24.04.2009 | **1.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रा0इ0का0 सिमलखा जनपद नैनीताल का नाम कारगिल शहीद चन्द्र सिंह भण्डारी के नाम से करने का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हां, तो कब तक इसका नाम परिवर्तन किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री गगन सिंह रजवार 26.05.2009 | **2.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के धारचूला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत उ0मा0 हाईस्कूल उच्छैती, जू0हा0 सेरा का उच्चीकरण करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी 04.06.2009 | **3.** विधान सभा के प्रथम सत्र 2009 के प्रथम शुक्रवार हेतु प्रश्न संख्या–22 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत रा0का0 हाईस्कूल–बग्वालीपोखर एवं रा0क0 हाईस्कूल–उभ्याड़ी का उच्चीकरण किये जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ या नहीं? यदि हां, तो कब तक उच्चीकरण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री गोपाल सिंह राणा 05.06.2009 | **4.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रा0 थारू इन्टर कालेज खटीमा जनपद ऊधमसिंह नगर में कक्षा 12 (इन्टरमीडिएट) हेतु वाणिज्य विषय की स्वीकृति है? यदि हां, तो क्या रा0 थारू इण्टर कालेज खटीमा जनपद ऊधमसिंह नगर में इसी सत्र से वाणिज्य विषय की कक्षाएं प्रारम्भ हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>05.06.2009 | **5.** विधान सभा के प्रथम सत्र 2009 के प्रथम शुक्रवार हेतु प्रश्न संख्या–23 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या प्रशिक्षण एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत मासी आई0टी0आई0 हेतु भवन निर्माण के लिए वन विभाग की भूमि चयन किये जाने की कार्यवाही अभी किस स्तर पर है और भवन निर्माण को पूर्ण करने का लक्ष्य क्या निर्धारित किया गया है? | **प्रशिक्षण एवं सेवा योजन** |
| श्री गोपाल सिह रावत<br>08.06.2009 | **6.** क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के मनेरी स्टेडियम में खेल प्रतिभाओं के विकास व उन्नयन के लिये आवासीय कीड़ा छात्रावास का निर्माण करवाया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| श्री गोपाल सिह रावत<br>08.06.2009 | **7.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अपर जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) उत्तरकाशी द्वारा दिनांक 31.12.2006 को उर्दू भाषा पैराटीचर/शिक्षामित्र की नियुक्ति की विज्ञप्ति प्रकाशित की गई थी? यदि हां, तो प्रकाशित विज्ञप्ति पर उर्दू भाषा पैराटीचर/शिक्षामित्र की नियुक्ति कब तक की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री गोपाल सिह रावत<br>09.06.2009 | **8.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में प्राथमिक विद्यालय भवन कोटियालगांव, स्यूंणा, साल्ड तथा ओडार (सालंग) एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय थलन, पंजियाला दैवीय आपदा के कारण क्षतिग्रस्त है? क्या सरकार दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त उक्त विद्यालयों के भवनों का पुनर्निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री गोपाल सिह रावत<br>09.06.2009 | **9.** क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में वर्ष 2007–08 व 2008–09 में किन–किन स्थानों पर ग्रामीण खेल मैदानों का निर्माण कार्य किया गया तथा प्रस्तावित खेल मैदानों के लिये प्रस्तावित/स्वीकृत धनराशि का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **युवा कल्याण** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>09.06.2009 | **10.** क्या प्रशिक्षण एवं सेवा योजन मंत्री अवगत हैं कि पूर्व सरकार द्वारा पौड़ी विधान सभा के परसुन्डाखाल एवं कांसखेत में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की घोषणा की गयी थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इनके निर्माण की कार्यवाही कब प्रारम्भ की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **प्रशिक्षण एवं सेवायोजन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>09.06.2009 | **11.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में एन0टी0टी0 प्रशिक्षित महिला अभ्यर्थी गत एक साल से विधान सभा/सचिवालय के समक्ष प्राथमिक विद्यालयों में अपनी नियुक्ति हेतु आन्दोलनरत हैं? क्या यह भी सत्य है कि मंत्री जी द्वारा प्रशिक्षित एन0टी0टी0 महिला अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा में लिये जाने का कोई आश्वासन दिया गया था? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा एन0टी0टी0 महिला अभ्यर्थियों को सरकारी सेवा में लिये जाने हेतु कोई व्यवस्था की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>10.06.2009 | **12.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट विधान सभा के दोनों विकास खण्ड के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में इण्टर एवं हाईस्कूल स्तर पर स्वीकृति पद के सापेक्ष कितने पद रिक्त चल रहे हैं? क्या सरकार इन रिक्त पदों को यथा शीघ्र भरने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>10.06.2009 | **13.** क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट तहसील के अन्तर्गत जालली में मिनी स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव विभाग द्वारा शासन को प्रेषित कर दिया गया है? यदि हां, तो कब? क्या सरकार जालली में मिनी स्टेडियम निर्माण कराये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>10.06.2009 | **14.** क्या युवा कल्याण एवं खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड एकेश्वर के राजकीय इण्टर कालेज रीठाखाल तथा जनता इण्टर कालेज कमलपुर में क्रीड़ास्थल के निर्माण करवाए जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 281/विधायक/34–युवा कल्याण/2007–08 दिनांक 13.10.2007 के सन्दर्भ में आपके अ0शा0 पत्रांक 1685 दिनांक 19.11.2007 के द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु निदेशक, युवा कल्याण को प्रेषित किए जाने की जानकारी दी गयी है? यदि हां, तो निदेशक युवा कल्याण के स्तर से अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है? | **युवा कल्याण** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>11.06.2009 | **15.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2007 से अब तक कितने विद्यालयों का उच्चीकरण किया गया हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन विद्यालयों में अध्यापक मानक के अनुसार है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>11.06.2009 | **16.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के स्थान सन्तूधार में स्थापित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में प्रधानाचार्य तथा वार्डन (महिला) का पद रिक्त होने के कारण विद्यालय के सुव्यवस्थित संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? यदि हां, तो रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति/तैनाती कर दी जायेगी? क्या यह भी सत्य है कि उक्त विद्यालय में कार्यरत कतिपय शिक्षिकों की प्रतिनियुक्ति अवधि समाप्ति पर है? यदि हां, तो ऐसे शिक्षकों का विवरण क्या है तथा इनके स्थान पर शिक्षकों की तैनाती करने/करवाने की दिशा में क्या कार्यवाही की गई है? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>12.06.2009 | **17.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से राजकीय इण्टर कालेज एवं राजकीय हाई स्कूल हैं जिनमें अभी तक प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक की नियुक्ति/तैनाती नहीं की जा सकी हैं? इन विद्यालयों में रिक्त पदों पर कब तक प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति/तैनाती कर दी जायेंगी? | **शिक्षा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>12.06.2009 | **18.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राजकीय और अशासकीय विद्यालयों में अध्यापकों को सेवानिवृत्ति के समय छात्र हित में सत्रलाभ दिया जा रहा है? यदि हां, तो वर्तमान तक कितने अध्यापकों द्वारा सत्रलाभ लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |